तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 22. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 28 मार्च 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

4
नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को किया गया जागरूक



## खबर संक्षेप

### खनिज माफिया सक्रिय, रात में जेसीबी से निकाल रहे रेत

**जांजगीर-चांपा।** जिले के रेत घाटों में खनिज माफियाओं द्वारा रेत का अवैध परिवहन व उत्खनन बेखौफ रूप से चल रहा है। हसदेव नदी में रात को जेसीबी मशीन से रेत निकाली जा रही है और नदी तट पर डंप कर इसे दिन में खपाया जा रहा है। हसदेव नदी के तट पर दिन भर अवैध रेत उत्खनन का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। खास बात यह है कि दिन तो दिन रात में भी खनिज माफियाओं द्वारा अवैध तरीके से रेत का परिवहन कर रहे है। शासन द्वारा रेत के अवैध भंडारण एवं परिहन पर पाबंदी लगाई गई है। इसके बाद भी इस तरह का अवैध कारोबार तेजी से चल रहा है। इन दिनों अधिकारी और पुलिस अमला चुनाव ड्यूटी में व्यस्त है। इसका फायदा उठाकर खनिज माफिया धड़ल्ले से रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन कर रहे है। इसके बाद भी जिले में रेत का अवैध उत्खनन दिन दहाड़े हो रहा है। इससे सरकार को कोई सरोकार नहीं है। जांजगीर-चांपा जिले में अब भी दर्जनों अवैध रेत घाट आबाद है। दिलचस्प बात यह है कि रेत माफिया रात को चेन माउंटेन मशीन से नदी व उसके तट से रेत निकाल रहे हैं और रेत डंप कर उसे दिन में खपा रहे हैं।

### एक माह में दो बार टुल्लू पंप की चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**अकलतरा।** नगर पालिका परिषद की सभापति वैशाली विवेक सिंह के अंबेडकर चौक स्थित गार्डन से बीती रात अज्ञात चोरों ने पंप हाउस का ताला तोड़कर टुल्लू पंप पार कर दिया। कुछ दिन पूर्व उनके पति डॉ. विवेक सिंह बैस के आजाद चौक स्थित क्लीनिक से भी अज्ञात चोर के द्वारा टुल्लू पंप की चोरी की गई थी। एक माह में दो बार टुल्लू पंप चोरी होने से आक्रोशित डॉ विवेक सिंह बैस के द्वारा पुलिस थाने में मामला दर्ज कर कार्रवाई की मांग की गई है। उन्होंने बताया कि नगर में लगातार चोरी हो रही है। जल्द चोरों पर कार्रवाई नहीं होने पर पुलिस अधीक्षक के पास इसकी शिकायत की जाएगी।

### प्राप्त अंकों के आधार पर योग्यता सूची जारी, 4 तक दावा आपत्ति

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बम्हनीडीह अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र खम्हिया में आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना बम्हनीडीह ने बताया कि आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पूर्ति हेतु मूल्यांकन समिति द्वारा प्राप्त किये गये अंको के आधार पर प्रथम (प्रावधिक) योग्यता सूची जारी किया गया है। उक्त सूची परियोजना कार्यालय एवं जनपद पंचायत बम्हनीडीह में प्रकाशित कर दिया गया है। हितग्राही आवेदिक, पक्षकारों से इस संबंध में सप्रमाण दावा आपत्ति 4 अप्रैल तक में आमंत्रित है।

### बलौदा-जांजगीर पहुंच मार्ग में धूल का गुबार

**जांजगीर-चांपा।** बलौदा से जांजगीर तक सड़क पर जगह-जगह गड्ढों के चलते सड़क जर्जर हो चुकी है। बलौदा से जावलपुर, जर्वे, सिवनी में बड़े-बड़े गड्ढे में डस्ट भरा गया है। लेकिन वाहनों के चलने से राहगीरों को चलने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बलौदा से जांजगीर पहुंच मार्ग अति व्यवस्तम मार्ग है। जिससे होकर लोग आना जाना करते हैं, लेकिन जब भी इस मार्ग में चलो, चंद मिनट की दूरी के सफर के लिए घंटों लग जाते हैं। यह मार्ग बिलासपुर- रायगढ़ को जोड़ता है, जहां से होकर विशालकाय गाड़ियां गुजरती है। सड़क पर कार्य के दौरान वातावरण प्रदूषित न हो इसलिए शासन द्वारा प्रतिदिन पानी का छिड़काव किया जाना चाहिए। गाड़ियों के आवाजाही से सड़क पर पूरे दिन धूल का गुबार उड़ता रहता है। हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

जल संसाधन विभाग का मैदानी अमला नहीं दे रहा ध्यान, 30 अप्रैल तक चलनी है नहर

# बेमोल बह रहा अनमोल, टूटे फूटे नहरों से पानी की बर्बादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

हसदेव बांगो नहर की धार शुरू होने के साथ कृषि प्रधान जांजगीर चांपा जिले में गर्मी के दिनों में भी फसल लहलहा रही है। किसानों की आवश्यकता को देखते हुए 30 अप्रैल तक नहर में पानी दिए जाने का निर्णय लिया गया है, लेकिन इधर जिले में टूटे फूटे नहरों से हो रही पानी की बर्बादी थमने का नाम नहीं ले रही है। जिम्मेदार विभाग मैदानी अमले की कमी बताकर अपना पल्ला झाड़ने में लगा है। ऐसे में आने वाले दिनों में फसलों के लिए सिंचाई की समस्या होने की चिंता भी सताने लगी है।

गौरतलब है कि जिले में ग्रीष्मकालीन फसल लगाने के लिए 1 जनवरी से हसदेव बांगो नहर में पानी दिया जा रहा है। नहर की धार छूटने के साथ ही जिले के माटी पुत्र किसानों ने ग्रीष्मकालीन फसल लगाई है। वर्तमान में जिले के बलौदा, अकलतरा, पामगढ़, नवागढ़ और बम्हनीडीह ब्लाक के लगभग 50 हजार हेक्टेयर से अधिक रकबे में किसानों ने रबी की खेती की है। जिसकी सिंचाई के लिए नहर से पानी दिया जा रहा है, लेकिन मुख्य शाखा के अलावा वितरक शाखाओं की जर्जर स्थिति और गेट नहीं होने के कारण नहर का पानी खेती वाले इलाके के अलावा बाकी जगगहों पर भी बह रहा है। स्थिति यह है कि इन क्षेत्रों में अधिकांश जगहों पर टूटे फूटे नहरों से पानी व्यर्थ बहकर नदी नालों में बह रहा है। बताया जाता है कि नहर में छोड़े जा रहे पानी में से करीब 30 प्रतिशत पानी यूं ही बर्बाद हो रहा है जबकि टेल एरिया के किसान बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे है। ऐसी स्थिति में भी जिम्मेदार जल संसाधन विभाग का मैदानी अमला कही नजर नहीं आ रहा है। अधिकारी अमले की कमी का हवाला देकर कन्नी काट रहे है।



बैठक में चर्चा करते किसान।

### व्यर्थ बह रहे पानी को बचाने मंत्रणा

नहर से आ रहे पानी के 30 फीसदी की बर्बादी को लेकर किसान भी चिंतित नजर आ रहे है। कृषक चेतना मंच के बैनर तले गुरूवार 27 मार्च को नवागढ ब्लाक के मिस्दा स्थित सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में आधा दर्जन गांवों के किसानों की बैठक हुई। बैठक में मंच के जिला संयोजक ठा. राजशेखर सिंह, विकास सिंह, सतीश सिंह, धन्नूलाल तिवारी, विनोद शुक्ला आदि की उपस्थिति में किसानों ने नहर से हो रही पानी की बर्बादी को रोकने चिंता जाहिर की। इस दौरान जल संसाधन विभाग बिर्रा के एसडीओ सुधीर सुखदेव , सब इंजीनियर लोचन प्रसाद मांझी के समक्ष किसानों ने पानी की बर्बादी रोकने उचित पहल करने की मांग रखी। बैठक में अफसरों ने मैदानी अमले की कमी का हवाला दिया। जिस पर किसानों ने भी खुद जागरूक होकर पानी के सदुपयोग करने और बांध के जल भराव की स्थिति को ध्यान में रखते हुए 30 अप्रैल तक मिल रहे पानी का सही उपयोग टेल एरिया तक करने की बात कही। इस दौरान किसानों ने सुझाव भी दिए। बैठक में तुलसी, मिस्दा, खैरताल, नेगुरडीह, भठली, उदयभांठा, बरगांव क्षेत्र के किसान बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# गर्मी के साथ बढ़ने लगी शहर में बिजली की खपत

## बढ़कर हो गई 20 मेगावाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



लि मुख्यालय जांजगीर में बढती गर्मी के साथ बिजली की खपत भी बढने लगी है। जहां ठंड के समय 170 एम्पीयर की खपत शहर वासियो के लिए की जाति है। वही वर्तमान में यह आंकडा बढकर 200 मेगावाट तक जा पहुंचा है।

गौरतलब है कि मार्च का महीना अंतिम चरण में है। वही दिन का तापमान बढका 40 डिग्री सेन्टीग्रेट तक जा पहुंचा है। दुसरी ओर जिला मुख्यालय जांजगीर में बढती गर्मी के साथ अब बिजली की खपत भी बढने लगी है। वही प्रदेश का सबसे गर्म जिला भी जांजगीर चाम्पा को माना जाता है। जांजगीर शहर में जहां ठंड के दिनो में शहर के लोगो को 170 एम्पीयर बिजली की जरूरत एवं खपत होती है। वही गर्मी के दिनो मे मार्च महीने के दौरान यह खपत अब बढकर 200 मेगावाट याने 20 मेगावाट तक पहुंच गया है। मई एवं जून महीने के दौरान यह आंकडा बढकर 350 मेगावाट तक जा सकता है। कुल मिलाकर देखा जाए तो शहर में पंखा, कुलर, एयर कंडीशनर , एवं बिजली के माध्यम से संचालित उपकरण की संख्या लगातार बढती ही जा रही है। जिसका असर बिजली की खपत पर पड रहा है। जांजगीर शहर की आबादी 2011 के सामाजिक आर्थिक जनगणना के अनुसार 48 हजार से अधिक बताई जा रही है। वही शहर 25 वार्डो में फैला हुआ है। जिला मुख्यालय होने के कारण हर साल बडे पैमाने पर नए मकान बनाए जा रहे है। वही हर साल नए बिजली कनेक्शन धारी भी बढ रहे हे। जिसके चलते बिजली की खपत हर साल बढती ही जा रही है। वही दूसरी ओर बिजली की बचत करने को लेकर किसी भी उपभोक्ताओ का ध्यान तक नही है। जांजगीर शहर में बिजली कनेक्शन लेने वाले करीब 14 हजार उपभोक्ता है। इनमें से कई ग्राहको के घरो में अस्थाई बिजली का कनेक्शन भी नही लग पाया है। जिसके चलते कई लोग अस्थाई कनेक्शन के माध्यम से अपना काम चलाते रहते है।

### उपभोक्ताओं पर लाखों रुपए का बिल बकाया

जांजगीर शहर में हर साल बड़े पैमाने पर लोग आकर बस रहे हैं जिसके चलते नए-नए मकान भी बनाए जा रहे हैं वही मकान बनने के बाद बिजली कनेक्शन की जरूरत लोगों को पड़ती है जिसके चलते भी बिजली की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। इसके अलावा शहर में जिस हिसाब से बिजली की खपत बढ़ती जा रही है, उसके हिसाब से कई उपभोक्ता समय पर बिजली का बिल जमा नहीं करते हैं जिसके चलते उपभोक्ताओं पर लाखों रुपए का बिजली बिल बकाया भी हो जाता है इसे लेकर जिम्मेदार विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी गंभीर नजर नहीं आते। जिसके चलते शासन को लाखों रुपए से लेकर करोड़ों रुपए तक का नुकसान हर साल उठना पड़ता है इस तरह की समस्या हर साल बनी रहती है वहीं बिजली विभाग के अधिकारी बिजली कनेक्शन काटने के नाम पर औपचारिकता निभा देते हैं।

### बढ़ रही खपत

गर्मी बढने के साथ बिजली की खपत बढ रही है। ठंड के दिनो में 170एम्पीयर की जरूरत पडती है। अभी मार्च महीने मे 200 एम्पीयर तक खपत हो रही है। बिजली की खपत रोकने को लेकर लोगो को जागरूक होना चाहिए।

-अमर चौधरी,
अधीक्षण यंत्री, विद्युत विभाग जांजगीर

# शासकीयकरण की मांग को लेकर पंचायत सचिव अनिश्चितकालीन आंदोलन पर, कामकाज प्रभावित



धरने पर बैठे पंचायत सचिव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शासकीय करण की मांग को लेकर पंचायत सचिव अनिश्चितकालिन आंदोलन पर चले गए है। जिसके चलते ग्राम पंचायतो में कामकाज ठप्प पड गया है। वही पीएम आ वा स सर्वे का कार्य भी हडताल के चलते शुरू नही हो सका है। ऐसे में ग्रामीणों को पीएम आवास सर्वे में नाम जुडवाने के लिए मशक्कत करनी पड रही है।

**खास बात**

- पीएम आवास सर्वे, दस्तावेज में हस्ताक्षर सहित अन्य कार्य हो रहा प्रभावित

गौरतलब है कि जांजगीर चाम्पा जिले के 5 ब्लाक को मिलाकर कुल 336 ग्राम पंचायते है। वही 400 सौ से अधिक गांव भी आते है। इन दिनो ग्राम पंचायतो में पदस्थ पंचायत सचिव शासकीयकरण की मांग को लेकर अनिश्चित कालिन आंदोलन पर चले गए है। जिसके चलते ग्राम पंचायतो में कामकाज ठप्प पड गया है। ऊपर से केन्द्र एवं राज्य सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओ में से एक पीएम आवास योजना के तहत ग्रामिण क्षेत्रो में सर्वे करके ऐसे पात्र ब्यक्ति जिन्हे आवास का लाभ नही मिल पाया है। उन्हें पात्रता के अनुसार सर्वे करके लाभ भी दिया जाना है। लेकिन ऐसा नही हो पा रहा है। पंचायत सचिव मंगलवार 18 मार्च से अनिश्चित कालिन आंदोलन पर चले गए है। उनका आंदोलन गुरूवार 27 मार्च को भी जारी रहा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्राम पंचायतो में अलग अलग दिनो के अनुसार पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र सहित अन्य कर्मचारियो के माध्यम से अलग अलग दिन वार्डो की जानकारी लेकर ऐसे पात्र ब्यक्ति जिन्हे पीएम आवास योजना का लाभ नही मिल पाया है। उनका नाम पीएम आवास में सर्वे करके जोडा जाना है। वही पंचायत सचिवो के हडताल पर चले जाने के कारण आवास सर्वे कार्य पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। राज्य शासन के पंचायत विभाग से जो आदेश जारी किया गया है। उसके अनुसार पीएम आवास सर्वे कार्य की आईडी पंचायत सचिवो के पास है। वही पंचायतो के सभी प्रमुख दस्तावेज पंचायत सचिव अपने पास ही रखते है। जिसके चलते पीएम आवास सर्वे कार्य ग्राम पंचायतो में शुरू नही हो पा रहा है। इसके अलावा पेंशन, शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत अभिभावको के जरूरी दस्तावेजो में हस्ताक्षर, सरपंचो को प्रभार दिलाने में सहयोग प्रदान करना सहित अन्य कार्य प्रभावित हो रहा है।

## बच्चों का सम्मान ...



**जांजगीर-चांपा।** विकास खण्ड बम्हनीडीह में नवोदय प्रवेश परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को एम डी दीवान बीईओ द्वारा बीआरसी भवन बम्हनीडीह में सम्मानित किया गया। फोटो : हरिभूमि

### आत्मानंद स्कूल में होगी 6वीं के लिए प्रवेश चयन परीक्षा 30 को

**जांजगीर-चांपा।** पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में कक्षा 6वीं में प्रवेश परीक्षा हेतु चयन परीक्षा का आयोजन रविवार 30 मार्च को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ अंग्रेजी माध्यम विद्यालय क्रमांक 1 जांजगीर में आयोजित किया गया था। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास ने बताया कि उक्त संस्था को परिवर्तन करते हुए उनके स्थान पर बीटीआई प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास एवं सक्ती जिले से प्राप्त आवेदन पत्रों का परीक्षण उपरांत पात्र विद्यार्थियों का प्रवेश पत्र जारी किया गया है।

# सरपंच एवं किसानों ने पटवारी पर लगाया अवैध वसूली करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ डभरा

नव निर्वाचित सरपंच एवं किसानों ने हल्का पटवारी पर सीमांकन करने, रिकार्ड दुरुस्त करवाने एवं अन्य जमीन संबंधित काम करवाने के एवज में अवैध राशि मांगे जाने का आरोप लगाया है।

विदित हो कि तहसील मुख्यालय डभरा से लगे ग्राम पंचायत ठनगन के नव निर्वाचित सरपंच एवं वहां के किसानों ने हल्का नंबर 23 के पटवारी पर अवैध वसूली करने का आरोप लगाया है उन्होंने इसकी शिकायत राजस्व विभाग के उच्च अधिकारी से किया है शिकायत में कहा गया है कि किसानों से रिकॉर्ड दुरुस्त करने के एवज में एक हजार रुपये और खेत नापने के लिए पांच हजार रुपए का मांग किया जाता है इसके अलावा बिक्री छाँट नकल के लिए पांच हजार रुपए एवं सीमांकन कार्य के लिए दस हजार रुपये तक लिया जाता है। इतना ही नहीं नामांतरण के लिए 6 हजार और किसान किताब के लिए तीन हजार रुपये का रेट फिक्स कर दिया गया है और उक्त अवैध राशि नही देने पर किसानों का काम नही किया जाता है। इस तरह से किसानों को पटवारी के द्वारा परेशान किया जा रहा है। जिसकी लिखित शिकायत करते हुए उक्त पटवारी पर शख्त कार्यवाही करने का मांग किया गया है।

इस संबंध में डभरा के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बालेश्वर राम ने कहा कि शिकायत की जांच कर उचित कार्यवाही किया जाएगा।

बाबा कलेश्वरनाथ की पूजा के साथ ले रहे झूले का आनंद

# पीथमपुर मेला पूरे शबाब पर, बड़ी संख्या में पहुंच रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बाबा कलेश्वरनाथ की नगरी पीथमपुर में रंगपंचमी के दिन से ही शुरू हुआ मेला अपने पूरे शबाब पर है। यहां आसपास के गांवों के साथ दूसरे जिले से भी लोग मेले का आनंद लेने के लिए पहुंच रहे है। लोग बाबा कलेश्वरनाथ की पूजा अर्चना करने के साथ ही मेले का आनंद उठा रहे है।

ज्ञात हो कि जिला मुख्यालय जांजगीर से करीब 12 किमी दूर ग्राम पीथमपुर में 15 दिवसीय मेला लगता है। सबसे पहले यहां आने वाले परिवार सहित कतार में लगकर भगवान कलेश्वरनाथ का दर्शन कर रहे है। इसके बाद परिवार सहित मेला का आनंद ले रहे है। इधर मेला खत्म होने का दिन जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही है। गांव के सभी रास्तों में लोगों की भीड़ नजर आ रही है। धार्मिक नगरी पीथमपुर में मेला पूरे शबाब पर है। परिवार सहित बड़ी संख्या में लोग मेला का आनंद उठाने प्रति दिन हजारों की संख्या में पहुंच रहे हैं। अवकाश के दिन होने के चलते सुबह से ही मंदिर परिसर और मेला मैदान में दर्शनार्थियों के भीड़ देखी गई। मेला में मनोरंजन स्थल, होटल और दुकानों में भीड़ ही भीड़ नजर आ रही थी। मेला में बर्तन दुकान, चूड़ी दुकान, होटल, मूर्ति, फल खिलौना बैग, कपड़े, जूते आदि विभिन्न प्रकार के दुकान, मीना बाजार कतार से लगा हुआ है। इसी तरह लोगों के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के झूला, सिनेमा, जादूघर, मौत कुआं लगा है, जिसका सभी खूब आनंद उठा रहे हैं, वहीं मेला में घूम-घूम कर जरूरत की सामान खरीद रहे हैं। मेला में महिला एवं बच्चों का ज्यादा भीड़ झूला के तरफ दिख रही है। मेले में इस बार टूरिंग टॉकिज, मीना बाजार, बों के विभिन्न झूले, खेल तमाशा, खिलौना, होटल सहित अन्य प्रकार की दुकानें सजी हुई है। मेला में इस बार लगा हुआ है। वहीं मेला देखने वाले लोग सबसे पहले मंदिर देवालय में दर्शन एवं पूजा अर्चना कर पूण्य अर्जित कर रहे हैं। मेले में हजारों की संख्या में दूर दूर से भक्त आते हैं। रंग पंचमी के मौके पर भी यहां 15 दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है। मेले में भक्तों के दर्शन देने के लिए बाबा कलेश्वरनाथ चांदी की पालकी में सवार होकर निकलते हैं। बाबा की बारात को देखने के लिए पूरे छत्तीसगढ़ से भक्त पहुंचते हैं। जांजगीर जिले के अलावा बलौदा बाजार, बिलासपुर, कोरबा व रायगढ़ से भी लोग पहुंचते हे।



पीथमपुर में मेले का आनंद लेते लोग।

# जिला कांग्रेस ने राज्य एवं केंद्र के भाजपा सरकार का किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई द्वारा 26 मार्च को भाजपा के राजनैतिक दबाव में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं भिलाई विधायक देवेंद्र यादव सहित पार्टी के विभिन्न कार्यकर्ताओं के निवास, कार्यालय में अवैधानिक एवं विद्वेष पूर्ण तरीके से की गई कार्यवाही के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 27 मार्च को जिला कांग्रेस द्वारा राज्य एवं केंद्र की भाजपा सरकार का पुतला दहन जिला कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार के नेतृत्व में किया गया। जिसमें विधायक श्रीमती शेषराज हरबंस, जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष दिनेश शर्मा, पडॉ परस शर्मा, रफीक सिद्धकी, विवेक सिसोदिया, जिला पंचायत सदस्य लोकेश राठौर, युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रिंस शर्मा, देव कुमार पांडे, श्रीमती सीमा शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भगवान दास गढ़वाल, राजेश अग्रवाल, जय थवाईत, जिला कांग्रेस महामंत्री शिशिर द्विवेदी, अजीत सिंह राणा, घासीराम चौहान ,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षगण, शत्रुघ्न दास महंत सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### महापौर ने छत्तीसगढ़ी फिल्मी कलाकारों से की मुलाकात



**कोरबा।** मजदूरों के पलायन और उनकी पीड़ा पर आधारित छत्तीसगढ़ी फिल्म झन जाबे परदेस का प्रमोशन कार्यक्रम निहारिका टॉकीज में आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर निगम की महापौर संजू देवी राजपूत ने छत्तीसगढ़ी फिल्म झन जाबे परदेस के कलाकारों से मुलाकात की। इस दौरान पार्षद नरेंद्र देवांगन, चंद्रलोक सिंह, अजय चंद्रा, ज्योति वर्मा, दीपक यादव, प्रमोद सोनू राठौर समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में उपस्थित फिल्म के निर्देशक, निर्माता और कलाकारों ने फिल्म से जुड़ी कई रोचक बातें साझा कीं। उन्होंने बताया कि फिल्म को दर्शकों तक पहुंचाने के लिए विशेष प्रमोशन किया जा रहा है और इसे पूरे छत्तीसगढ़ में दिखाने की योजना है। फिल्म को देखने के बाद दर्शकों ने इसे भावनात्मक और प्रेरणादायक बताया। दर्शकों का कहना था कि फिल्म के गीत-संगीत और कहानी ने दिल को छू लिया। खासकर उन लोगों ने इसे सराहा, जो कभी अपने गांव से बाहर काम करने गए हैं।

### समाज के बिना मनुष्य का अस्तित्व नहीं: कीर्तन चन्द्रा

**कोरबा।** लोगों की पहचान समाज से ही होती है समाज के दायरे में रहकर ही ब्यक्ति निरंतर आगे बढ़ता है। समाज के बिना मनुष्य का अस्तित्व ही नही है। उपरोक्त उद्बोधन चन्द्रनाहू (कुर्मी) समाज उत्थान महासमिति कोरबा द्वारा नवनिर्वाचित जन प्रतिनिधियों के सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से सक्ती जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती द्रौपदी कीर्तन चन्द्रा ने ब्यक्त किये । उन्होंने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि समाज मे इस प्रकार का आयोजन पहली बार हो रहा है जिसमे की विजयी हुए सभी नवनिर्वाचित जन प्रतिनिधियों को सम्मानित किया जा रहा है । इस पर उन्होंने आयोजन समिति को भी बधाई दी। कार्यक्रम को अतिविशिष्ट अतिथि द्वय नगर पंचायत अध्यक्ष किरोड़ीमल नगर रायगढ़ हरिकिशोर चन्द्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष जैजैपुर बलराम चन्द्रा व विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जांजगीर चाम्पा श्रीमती यनिता यशवंत चन्द्रा, जिला पंचायत सदस्य द्वय श्रीमती सोना एकलव्य चन्द्रा, श्रीमती जानकी सत्यनारायण चंद्रा, चन्द्रनाहू (चन्द्रा) विकास महासमिति के केंद्रीय अध्यक्ष आशुतोष चंद्रा, पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष द्वय गिरधर प्रसाद चन्द्रा, डॉ. जे पी चन्द्रा, छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गणेश राम चन्द्रा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जैजैपुर श्रीमती मीना महेंद्र चन्द्रा ने भी संबोधित किया।

### पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का किया गया गठन

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने गर्मी के मौसम में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने एवं हैंडपंप के संचालन, संधारण हेतु जिला स्तर पर पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन कर अधिकारी-कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। यह पेयजल प्रकोष्ठ 30 जून तक की अवधि तक प्रभावशील रहेगा। जिसके अंतर्गत नियंत्रण प्रकोष्ठ प्रभारी के रूप में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कोरबा के सहायक अभियंता पीपीएस पैंकरा मोबाइल नंबर 8827511795 को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार मानचित्रकार पीएचई पीएल गढ़ेवाल मोबाईल नंबर 6265881469 एवं अनुरेखक पीएचई एसएस कोर्राम मोबाइल नम्बर 9993321894 को नियंत्रण प्रकोष्ठ सहायक बनाया गया है। प्रकोष्ठ में पेयजल समस्या के निराकरण से संबंधित डाक एवं पत्राचार प्रकोष्ठ प्रभारी द्वारा किया जाएगा। प्रकोष्ठ प्रातः 9 बजे ये रात्रि 7 बजे तक कार्य करेंगे। प्रकोष्ठ में प्राप्त शिकायतों के निराकरण हेतु एक रजिस्टर संधारित किया जाएगा जिसमें प्रतिदिन के प्राप्त शिकायतां का पूर्ण विवरण दर्ज होगा एवं संबंधित सहायक अभियंता, उप अभियंताओं को शिकायत से अवगत कराएं एवं शिकायत की तिथि वार निराकरण संबंधी जानकारी का स्पष्ट उल्लेख रजिस्टर में होगा। ईई पीएचई ने बताया कि जिला स्तर पर खंड कार्यालय एवं प्रत्येक उपखंड मुख्यालय तथा विकासखंड स्तर पर समस्त जनपद पंचायत मुख्यालय में शिकायत पंजी संधारित की जाएगी। शिकायत, सुझाव उक्त स्थलों पर दर्ज किया जाएगा।

### अड़सरा में चर्मरोग की शिकायत पर किया जा रहा उपचार

**कोरबा।** पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक के पसान अंतर्गत ग्राम पंचायत अड़सरा में ग्राम वासियों में चर्म-रोग होने की शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा 24 मार्च को ग्रामीणों की जांच कर दवाईयों का वितरण किया जा रहा है। साथ ही लोगों को बचाव हेतु विभाग द्वारा शिविर लगाकर इलाज व स्वास्थ्य शिक्षा दिया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ.एसएन केशरी ने स्केबीज बीमारी के संबंध में जानकारी देते हुए बताया की स्केबिज को आमतौर पर खुजली के नाम से जाना जाता है, यह एक त्वचा संबंधी रोग है जो सरकोप्टस स्कैबीई नामक छोटे कीड़ों (माइट्स) की वजह से होता है। ये माईट्स त्वचा के नीचे सुरंग बनाते है जिससे लाल दाने और खुजली होती है जब ये माईट्स त्वचा के नीचे अंडे देते हैं तो यह लगातार खुजली और रैश का कारण बनता है।

## घटना के वक्त पीएचसी में भर्ती थे तीन से चार मरीज

# हैवी ब्लॉस्टिंग से अस्पताल के छत का गिरा प्लास्टर, मची अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल दीपका खदान से प्रभावित ग्राम दर्राखांचा अमगांव के समीप संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उस वक्त हड़कंप मच गया जब खदान में कोयला उत्खनन के लिए किए जा रहे हैवी ब्लॉस्टिंग की वजह से अस्पताल का प्लास्टर भरभराकर नीचे जा गिरा।

**खास बात**

- घटना के बाद परिजन व स्टाफ दहशत में

ब्लॉस्टिंग से जिस वार्ड का प्लास्टर गिरा उस वार्ड में मरीज भर्ती थे। घटना का सूखद पहलू यह रहा कि किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।

पाली ब्लॉक के हरदीबाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के वार्ड में भर्ती मरीज उस वक्त दहशत में आ गए जब अचानक छत का प्लास्टर भरभराकर नीचे आ गिरा। दरअसल खदान में किए जा रहे हैवी स्टॉटिंग की कंपन की वजह से प्लास्टर नीचे आ गिरा। जिस वक्त उक्त घटना घटित हुई उस दौरान वार्ड में 3 मरीज भर्ती थे। इसके अलावा मरीज के परिजन व स्टॉफ भी मौजूद थे। घटना के बाद मरीज व अस्पताल के स्टॉफ दहशत में हैं। दरअसल दीपका खदान से प्रभावित दर्राखांचा अमगांव के जमीन अधिग्रहण के बाद गांव खाली करा दिया गया है। वहीं गांव से करीब 70 मीटर की दूरी पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित है। वहीं पास में ही प्री-मैट्रिक व पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास, पटवारी कार्यालय, आरआई कार्यालय व सचिव आवास भी है। खदान में रोजान किए जा रहे हैवी ब्लॉस्टिंग की वजह से छात्रावास व शासकीय कार्यालय में कार्यरत कर्मियों के अलावा यहां आने वाले लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हैवी ब्लॉस्टिंग की वजह से अस्पताल परिसर में स्थित बोर भी धंस गया है, जिसकी वजह से अस्पताल में जल संकट गहरा गया है। अस्पताल में पीने के पानी की भी व्यवस्था नहीं है। वहीं रोजाना हो रहे हैवी ब्लॉस्टिंग की वजह से मरीज व स्टॉफ दहशत में जीवन जीने को मजबूर हैं।



अस्पताल के भीतर ब्लास्टिंग से गिरा हुआ प्लास्टर।

### अस्पताल संचालन में आ रही दिक्कत

प्राथमिक स्वास्थ्य के सहायक चिकित्सक डॉ.युधेश सांडे ने बताया कि छत प्लास्टर फर्श पर गिरा एक बड़ी घटना होते-होते टल गई। दीपका कोयला खदान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से महज 60 से 70 मीटर की दूरी पर है, जहां बुधवार को कोयला उत्खनन के लिए दोपहर लगभग 3 बजे खदान में हैवी ब्लास्टिंग हुआ, जिससे अस्पताल के वार्ड के छत प्लास्टर भरभराकर गिर गया। इस दौरान वार्ड में भर्ती मरीजों के अलावा परिजन व कर्मचारी भी मौजूद थे। दीपका प्रबंधन जन सुरक्षा का ख्याल रखते हुए हैवी ब्लास्टिंग पर नियंत्रण करें अन्यथा कभी भी जानमाल की हानि हो सकती है। वहीं अस्पताल का बोर धंस गया है और पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गया है। ऐसे हालात में अस्पताल का संचालन करना मुश्किल हो रहा है। इस घटना व समस्या के संबंध में उच्च अधिकारियों से भी चर्चा की जा चुकी है।

### मानक व नियंत्रण से बाहर ब्लास्टिंग

जिला पंचायत उपाध्यक्ष निकिता मुकेश जायसवाल ने कहा है कि दीपका कोयला खदान के आबादी क्षेत्र से महज 60-70 मीटर की दूरी पर ही हैवी ब्लास्टिंग किया जा रहा है, जो मानक व नियंत्रण से बाहर है। जनमानस की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रबंधन को हैवी ब्लास्टिंग नहीं करनी चाहिए, इससे पूरा क्षेत्र दहशत में हैं। प्रबंधन को हैवी ब्लास्टिंग न करते हुए मानक अनुरूप कम कर करनी चाहिए, जिससे कोई अनहोनी व जान माल की क्षति न हो, इस घटना पर संज्ञान लिया जायेगा।

# एसडीओ के कब्जे से मकान को संयुक्त टीम ने कराया मुक्त



इस मकान को कराया गया कब्जामुक्त।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वन विभाग के एसडीओ को वन विभाग द्वारा एक मकान आबंटित किया गया था लेकिन एसडीओ का ट्रांसफर हो जाने के बाद भी एसडीओ ने मकान को खाली नहीं किया बल्कि उक्त मकान को अपने कब्जे में रखा था। वन विभाग द्वारा कई बार मकान को खाली करने की दिशा पर पहल की गई थी लेकिन मकान खाली नहीं होने की वजह से मकान ना ही किसी दूसरे अधिकारी को आबंटित किया जा रहा था और मकान लगातार जर्जर होते ही जा रहा था। आखिरकार अंत में एक संयुक्त टीम ने एसडीओ के कब्जे से मकान को मुक्त कराया गया है।

**खास बात**

- कोरबा वन मंडल का मामला

मामला कोरबा वनमंडल का है। कोरबा वनमंडल में पूर्व में पदस्थ एक एसडीओ को वन विभाग के कोरबा मुख्यालय में शासकीय भवन कमांक जी/4 ईश्वर कुजूर तत्कालीन उपवनमण्डलाधिकारी उत्तर कोरबा को आबंटित किया गया था। वर्ष 2023 में श्री कुजूर का स्थानांतरण जशपुर वनमण्डल होने के फलस्वरूप 16 अगस्त 2023 को भारमुक्त किया गया। ईश्वर कुजूर तत्कालीन उपवनमण्डलाधिकारी उत्तर कोरबा को आबंटित आवास रिक्त करने सूचना जारी किया गया था। श्री कुजूर द्वारा आवास रिक्त नहीं किये जाने के स्थिति में माह दिसम्बर 2024 से गृह किराया भाड़ा राशि 10 हजार 8 सौ रुपए प्रतिमाह की दर से वसूली हेतु आदेश पारित किया गया है लेकिन वर्तमान पदस्थ उपवनमण्डलाधिकारी दक्षिण कोरबा सूर्यकांत सोनी को मकान उपलब्ध नहीं हो पाने से असुविधा हो रही है। ईश्वर कुजूर तत्कालीन संलग्नाधिकारी जशपुर वनमण्डल जशपुर के विरूद्ध वनमुख्यालय कोरबा स्थित आवास गृह क्रमांक जी/4 की बेदखली हेतु लोक परिसर बेदखली अधिनियम 1974 के तहत आदेश पारित करने की कार्यवाही हेतु प्राप्त हुई। जिस पर राजस्व और वन विभाग की संयुक्त टीम गठित की गई थी और 21 मार्च को इस टीम द्वारा मकान को कब्जे से मुक्त कराया गया है।

### अनाधिकृत रुप से था कब्जा

कोरबा वनमंडल अंतर्गत शासकीय मकान क्रमांक जी/4 पर पूर्व में पदस्थ विभागीय अधिकारी ईश्वर कुजुर का अनाधिकृत रूप से कब्जा था उनके द्वारा देखरेख के अभाव में शासकीय आवास एवं संलग्न परिसर असुरक्षित हो चुका था एवं दो बार चोरी की घटना भी घटित हो चुकी थी। राजस्व विभाग एवं वन विभाग के द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए नियमानुसार अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। अब उक्त मकान का आवश्यकतानुसार मरम्मत कर शासकीय संपति का सुरक्षित सदुपयोग किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

**-एस के सोनी**, एसडीओ

# प्रेमिका के साथ गाली गलौज कर अपहरण करने वाला युवक पड़ोसी जिले से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत एक महिला ने मंगलवार को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 24 मार्च को उसकी पुत्री पीड़िता अपनी सहेली के साथ पुस्तक लेने के निकली थी तब सलिहाभांठा निवासी मामलेश खैरवार उम्र 25 वर्ष पिता फूलचंद खैरवार एनटीपीसी गेट दर्री के पास से पीड़िता का पीछा करते हुए अप्पू गार्डन के पास से पीड़िता को गाली गलौच डरा धमकाकर जबरन अपहरण कर अपने साथ ले गया। जिसकी रिपोर्ट पर थाना दर्री में मामलेश खैरवार के विरुद्ध धारा 296, 351(2), 140(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना किया गया। विवेचना के दौरान दर्री थाना प्रभारी राजेश तिवारी व उनकी टीम द्वारा आरोपी मामलेश खैरवार की पूछताछ कर पतासाजी टीपीनगर, मुड़ापार एवं ग्राम पुटपुरा, लवसरा जांजगीर-चांपा में जाकर किया गया तब आरोपी मामलेश खैरवार के कब्जे से पीड़िता को ग्राम लवसरा थाना बाराद्वार से बरामद कर आरोपी मामलेश खैरवार को हिरासत मे लेकर पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म करना स्वीकार कर लिया। आरोपी के कब्जे से घटना मे उपयोग किया गया स्कूटी वाहन क्रमांक सीजी -12-बीएम -0778 को जप्त किया गया। मामले की विवेचना के दौरान पीड़िता को उसके परिजनों को सही सलामत सुपुर्द किया गया।



# बिजली कर्मचारी के साथ अभद्रता करने वाली सहायक अभियंता का तबादला



विरोध प्रदर्शन करते कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाड़ीमार जोन की सहायक अभियंता ने अपने ही सहकर्मी के साथ गाली गलौज करते हुए अभद्रता की थी। जिसका आडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। तब मामले की शिकायत कर्मचारियों ने वरिष्ठ अफसरों से की थी। मामले में अफसरों ने संज्ञान लेते हुए अभद्रता करने वाली माधुरी पटेल का तबादला पेंड्रा कर दिया गया है। जबकि उनके स्थान पर पेंड्रा में पदस्थ अनुभा लकड़ा को पाड़ीमार जोन में पदस्थ किया गया है।

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ ने सहायक अभियंता पोडीमार जोन श्रीमती माधुरी पटेल के कर्मचारियों से अभद्र व्यवहार एवं गाली गलौज के विरोध में बुधवार को वृत्त कार्यालय परिसर तुलसीनगर में आमसभा आयोजित कर विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय मंत्री राधेश्याम जायसवाल,मदन मोहन पांडेय सचिव संविदा मजदूर संघ, नवरतन बरेठ प्रदेश महामंत्री, श्रीमती पूर्णिमा साहू भारतीय मजदूर संघ, श्रीमती सुनीता जायसवाल, अजय मिश्रा जिलाध्यक्ष, सलिल शर्मा अध्यक्ष, जी पी राजवाड़े, संदीप राठौर सचिव उत्पादन उपस्थित रहे। महामंत्री नवरतन बरेठ ने इस तरह के कृत्य हेतु कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। भारतीय मजदूर संघ के उद्योग प्रभारी राधेश्याम जायसवाल ने सभी कर्मचारियों को एकजुट रहकर छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ के बैनर तले संबंधित सहायक अभियंता के विरुद्ध निलंबित कर अन्यत्र स्थानांतरण हेतु सभी को आश्वस्त किया और बिजली कर्मियों की मांग जैसे पुरानी पेंशन, संविदा नियमितीकरण, तकनीकी भत्ता पर अखिल भारतीय विद्युत अधिवेशन में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में ठोस निर्णय होने की बात कही। उन्होंने बताया कि पावर कंपनी में लाख गलतियों के बाद अधिकारियों का सिर्फ स्थानांतरण किया जाता है और कर्मचारियों को बिना जांच किए निलंबित कर दिया जाता है जिसका संगठन पुरजोर विरोध करता है, इस दौरान पीड़ित लाइन इंस्पेक्टर चक्रधर कंवर ने उक्त घटना से सभी को अवगत कराया। तत्पश्चात सभी नारेबाजी करते हुए अधीक्षण अभियंता के कार्यालय पहुंचकर अधीक्षण अभियंता पी एल सिदार, कार्यपालन अभियंता रोशन लाल वर्मा, कार्यपालन अभियंता अभिमन्यु कश्यप तथा कार्यपालन अभियंता एस के सोनी को सामूहिक रूप से ज्ञापन देते हुए कड़ी कार्रवाई करने हेतु 24 घंटे का अल्टिमेटम दिया गया। कारवाई नहीं होने की स्थिति में कोरबा जिले के विद्युत कर्मचारी काम बंद आंदोलन के लिए तैयार है।



### बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, एक की मौत एक घायल

**कोरबा।** शादी समारोह में शामिल होने जा रहे एक युवक को अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी जहां शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और दुर्घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात वाहन चालक की खोजबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार चोरभट्टी निवासी थिरमन दास 25 वर्ष पिता पूरण दास अपने एक अन्य साथी के साथ मोटरसाइकिल में सवार होकर बुधवार को एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए डोंगरी तिलवारी जा रहा था कि इसी दौरान ढेलवाडीह-कटघोरा बायपास मार्ग पर पहुंचा था कि एक अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया जिससे थिरमन दास की मौत हो गई है जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसे उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

* **कोरबा।** जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा ग्रामीण के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष ने पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल से सौजन्य भेंट किया। जिलाध्यक्ष ने संगठन को मजबूती प्रदान करने की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा किया। जयसिंह अग्रवाल ने ग्रामीण जिला अध्यक्ष मनोज चौहान को शुभकामनाएं देते कहा कि संगठन को इनके अनुभव का लाभ मिलेगा। मनोज चौहान जिला कांग्रेस कमेटी में लम्बें समय से ग्रामीण उपाध्यक्ष की जिम्मेदारियों का वहन करते रहे हैं और उनके संगठनात्मक कौशल और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए प्रदेश कमेटी ने पदोन्नति प्रदान करते हुए उन्हें जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी हैं।

# जल्द सुलझ सकता है कोल अफसरों के पे अपग्रेडेशन का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया के अधिकारियों के वेतन विसंगति को लेकर नई दिल्ली में आयोजित गठित समिति की बैठक सकारात्मक रही है। बताया जा रहा है कि बैठक में अन्य महारत्न कंपनियों की आवधिकता और अधिकारियों तथा गैर-अधिकारियों के वेतनमान तथा अन्य प्रासंगिक दस्तावेजों पर चर्चा हुई। इस संदर्भ में मंत्रालय द्वारा पूरा जानकारी मांगी गई है। कहा गया है कि इस संदर्भ में चर्चा करने अगली बैठक जल्द बुलाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि कोयला मंत्रालय चाहता है कि जबलपुर हाईकोर्ट में 7 अप्रेल को होने वाली सुनवाई के पहले ही इस कोयला अधिकारियों के वेतन विसंगति के मामले को सुलझा लिया जाए। सोमवार को हुई बैठक में संयुक्त कोल सचिव बीबी पति, सीआईएल डायरेक्टर एचआर डॉ.विनय रंजन, एनसीएल के डायरेक्टर एचआर मनीष कुमार, एमसीएल के डायरेक्टर एचआर केशव राव और डीपीई के एक प्रतिनिधि शामिल थे। यहां बताना होगा कि अधिकारियों के वेतन विसंगति को लेकर जबलपुर हाईकोर्ट में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सुनवाई चल रही है। जबलपुर हाईकोर्ट ने 11 मार्च को सुनवाई के बाद कोयला मंत्रालय एवं डीपीई को एफिडेविट दाखिल करने का निर्देश देते हुए 7 अप्रैल को अगली सुनवाई मुकर्रर की है।

**न्यायालय तहसीलदार पामगढ़,**
**जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र./202411063100121/अ6अ/24-25
ग्राम हिर्री प.ह.नं.- 08
तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
**//ईश्तहार//**
(अंतर्गत धारा 115 छ.ग. भू.रा.सं. 1959)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि ग्राम हिर्री तहसील पामगढ़ में स्थित भूमि ख.नं.42/3, 21/3, 214, 21/2 रकबा 0.50, 1.00, 0.50, 1.25 ए. भूमि स्थित है। आवेदक नंदकिशोर पिता जवाहर सिंह निवासी ग्राम हिर्री तहसील पामगढ़ के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि उक्त भूमि आवेदक की क्रय शुदा भूमि है। वर्ष 2009-10 के रिकार्ड में आवेदक का एकल नाम से खाता चला आ रहा था वर्ष 2016-17 के आनलाइन रिकार्ड मे अनावेदिका का नाम संयुक्त दर्ज हो गया है। जो कि त्रुटिपूर्ण है। उक्त भूमि से अनावेदिका नाम विलोपित किये जाने व नाबा से बालिक किये जाने का आवेदन किया है।

अतः उपरोक्त आवेदन द्वारा पेश नामांतरण / त्रुटि सुधार आवेदन पर हित रखने वाले जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति/ उजर / दावा हो तो वह अपना आपत्ति/उजर/दावा मेरे न्यायालय में दिनांक 04/04/25 को कार्यलयीन समय में स्वतः या मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति/उजर / दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 24/03/25 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के सील मोहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**पामगढ़, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग)**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
- न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
- तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
- पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
- डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
- गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
- क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
- आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
- हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
- तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
- पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज,
- पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661


जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
- दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
- दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
- मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का सम्पूर्ण ईलाज
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
- बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
- नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
- अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं
सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सरकम सीजर (ख़तना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
- पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
- हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
- शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं
मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

27-Mar- JAS-KORIYA-RAG- JANJ- Bhoomi pg-3_Layout 1 3/27/2025 7:49 PM Page 1






# योगी आदित्यनाथ की बायोपिक की पहली झलक आई सामने...

**मुंबई।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर अब फिल्म बन रही है जिसका नाम है 'अजेयः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ योगी'। फिल्म की पहली झलक सामने आ गई है। फिल्म के मोशन पोस्टर को शेयर किया गया है जिसमें एक्टर को अनंत जोशी को भगवा रंग के कपड़ों में देखा जा सकता है। मोशन पोस्टर में योगी आदित्यनाथ की जर्नी दिखाने की कोशिश की गई। इस वीडियो में उनका आम जीवन, आध्यात्मिक और राजनीति जर्नी की एक झलक है। फिल्म में इसे विस्तार से दिखाया जाएगा। फिल्म को सम्राट सिनेमैटिक्स के तले बनाया जा रहा है। ऋतू मेंगी फिल्म की प्रोड्यूसर और रवींद्र गौतम ने डायरेक्शन की कमान संभाली है।

लाइफ Style

# अंजिनी

## जरूरतमंद की मदद करती आई नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वरुण धवन की भतीजी अभिनेत्री अंजिनी धवन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह एक जरूरतमंद की मदद करती हुई नजर आ रही हैं। दरअसल, अभिनेत्री एक व्यक्ति कुछ पैसे मांगता है, जिसके बाद अभिनेत्री कार में बैठते हुए उससे पूछती हैं, "गूगल पे है?" इसके बाद वह अपना नंबर बताता है और वह उसे पैसे ट्रांसफर करती हैं।

अंजिनी के इस वीडियो ने सोशल मीडिया यूजर्स का दिल जीत लिया वह अभिनेत्री की प्रशंसा कर रहे हैं। हालांकि, कुछ यूजर्स ने उन्हें ट्रोल भी किया। अंजिनी धवन के इस काम की तारीफ करते हुए एक यूजर ने लिखा, बच्ची क्यूट है.. बाकी स्टार किड्स के मुकाबले तो। एक और यूजर ने लिखा, मैं ऐसी ही लड़की से शादी करना चाहूंगा। अंजिनी को बहुत सारा प्यार। एक अन्य ने लिखा, जमीन से जुड़ी हुईं। हालांकि, कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने अंजिनी को इसे लेकर ट्रोल भी किया। एक सोशल मीडिया यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, कैमरे के चक्कर में पैसे देने पड़े गरीब को। एक अन्य ने लिखा, प्रेशर है कैमरा का बाबू भाई। अंजिनी धवन सलमान खान की सिकंदर में नजर आएंगी। उन्होंने पिछले साल आई फिल्म 'बिन्नी एंड फैमिली' से बॉलीवुड में कदम रखा है। 'सिकंदर' 30 मार्च 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अंजिनी धवन दिग्गज अभिनेता अनिल धवन की पोती और सिद्धार्थ धवन की बेटी हैं। अनिल धवन डेविड धवन के भाई हैं। इस वजह से अंजिनी अभिनेता वरुण धवन की भतीजी लगेंगी।



## हॉलीवुड मसाला



# भारत में 'संतोष' की रिलीज पर रोक...

**नई दिल्ली।** ब्रिटिश-इंडियन फिल्ममेकर संध्या सूरी की फिल्म 'संतोष', जो ऑस्कर अवॉर्ड में यूके की तरफ से भेजी गई थी और शॉर्टलिस्ट भी हुई थी। उसे भारत में रिलीज होना था। लेकिन सीबीएफसी ने इसकी रिलीज पर रोक लगा दी है। इस फिल्म को क्रिटिक्स से भर-भरकर तारीफ मिली थी। लेकिन, बोर्ड को ये डर है कि इसमें महिलाओं के प्रति गलत भावना, इस्लामोफोबिया और इंडिया पुलिस फोर्स में हिंसा दिखाई गई है, जिसका असर समाज पर पड़ेगा।




# ऑस्कर विजेता निर्देशक बलाल दिखें घायल...

**लॉस एंजिल्स।** ऑस्कर विजेता डॉक्यूमेंट्री फिल्म के निर्देशक हमदान बल्लाल को मंगलवार को रिहा कर दिया गया। उन्हें वेस्ट बैंक में यहूदी निवासियों द्वारा हमला किए जाने के बाद सेना ने हिरासत में लिया था। इस मामले पर निर्देशक की पत्नी का कहना है कि हमले के दौरान निर्देशक के साथ मारपीट की गई थी और वीडियो बनाया गया। घटनास्थल पर मौजूद एसोसिएटेड प्रेस के पत्रकारों के अनुसार, बल्लाल के चेहरे पर चोट के निशान थे और उनके कपड़ों पर खून लगा था। रिहा होने के बाद तीनों को पड़ोसी फलस्तीनी शहर हेब्रोन के एक अस्पताल में ले जाया गया। उनके वकील, ली त्सेमेल ने कहा कि उन्होंने रात सैन्य अड्डे के फर्श पर बिताई, जबकि हमले में आई उनकी चोटों की काफी कम देखभाल की गई। उन्होंने पहले कहा था कि उन पर एक युवा निवासी पर पत्थर फेंकने का आरोप लगाया गया था।



# क्रिप्टिक पोस्ट से फैंस हुए परेशान...


**मुंबई।** श्रद्धा कपूर के हालिया एक्स पोस्ट ने फैंस को परेशान कर दिया है। जिसके बाद अब फैंस ये समझ नहीं पा रहे हैं कि अभिनेत्री का अकाउंट हैक हो गया है या कोई और बात है। बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो अपनी लाइफ से जुड़ी बातें और चीजें अपने सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। इसीलिए फैंस को श्रद्धा के पोस्ट का काफी इंतजार भी रहता है। लेकिन, अब श्रद्धा ने अपने एक्स अकाउंट से एक ऐसा पोस्ट किया है, जिसने सभी फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचा है। क्योंकि, फैंस श्रद्धा के इस पोस्ट का मतलब नहीं समझ पा रहे हैं। श्रद्धा ने ये ट्वीट मंगलवार को लगभग रात साढ़े दस बजे के करीब किया है। अपने इस ट्वीट या पोस्ट में श्रद्धा ने सिर्फ इतना लिखा है, "Easy $28. GG!"



# 'द डिप्लोमैट' की रफ्तार होती जा रही धीमी

**मुंबई।** जॉन अब्राहम की नई फिल्म 'द डिप्लोमैट' बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई करने में नाकाम रही है। 14 मार्च को रिलीज हुई इस फिल्म को लेकर उम्मीदें थीं कि यह होली के मौके पर अच्छा प्रदर्शन करेगी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। पहले हफ्ते में फिल्म का प्रदर्शन निराशा जनक रहा। पहले हफ्ते में 'द डिप्लोमैट' ने 19.15 करोड़ रुपए कमाए थे। दूसरे हफ्ते में भी इसकी कमाई की रफ्तार और भी ज्यादा धीमी हो गई। आंकड़ों के मुताबिक आठवें दिन फिल्म ने एक करोड़ 25 लाख रुपए, नौवें दिन दो करोड़ 50 लाख रुपए, 10वें दिन दो करोड़ 75 लाख और 11वें दिन 90 लाख रुपए की कमाई की। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार 12वें दिन फिल्म ने महज 64 लाख रुपए का कलेक्शन किया है। इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई अब 27.19 करोड़ रुपए हो गई है।

## टीवी मसाला



# 'बड़े अच्छे लगते हैं' के नए सीजन का प्रोमो रिलीज...

**नई दिल्ली।** सीरियल 'बड़े अच्छे लगते हैं'के कई सीजन आ चुके हैं। हर बार नए चेहरों के साथ नई प्रेमी कहानी दर्शकों को देखने को मिलती है। हाल ही में 'बड़े अच्छे लगते हैं'के नए सीजन का प्रोमो सामने आया है। इस बार सीरियल में शिवांगी जोशी और हर्षद चोपड़ा नए किरदारों में नजर आ रहे हैं। इस प्रोमो को देखकर सोशल मीडिया पर फैंस भी काफी उत्साहित हैं। सोनीटीवी ऑफिशियल के इंस्टाग्राम पेज पर सीरियल 'बड़े अच्छे लगते हैं'का प्रोमो साझा किया गया। इसमें अभिनेता हर्षद चोपड़ा का लुक काफी अलग नजर आया। लंबे बालों वाला उनका अंदाज फैंस को खूब भाया है। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने एक्टर के नए लुक की तारीफ की है। शिवांगी जोशी की बात की जाए तो वह सीरियल 'बड़े अच्छे लगते हैं' के प्रोमो में चश्मे वाले लुक में दिखीं। उनका पहनाव भी बहुत सादगी से भरा नजर आया। शिवांगी और हर्षद के किरदार प्रोमो में शॉपिंग करते हुए दिखे। दोनों एक्टर्स के बीच बहुत ही अच्छी केमिस्ट्री नजर आ रही हैं। इस प्रोमो पर कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने भी रिएक्शन दिए हैं। एक यूजर लिखता है, 'शिवांगी बहुत प्यारी लग रही है।' वहीं, एक-दूसरे यूजर ने लिखा, 'हर्षद और शिवांगी कितने क्यूट लग रहे हैं।' सीरियल के प्रोमो के साथ एक कैप्शन भी साझा किया गया है, जिसमें लिखा, 'हैप्पीली मैरीड होना सबका ख्वाब है, पर कैसे? ये सिर्फ इनका राज है।'

## बजरंगबली का संकटमोचन अवतार दिखेगा हनुमान जयंती को ...

**नई दिल्ली।** एनिमेटेड वेब सीरीज 'द लीजेंड्स ऑफ हनुमान'का अगला सीजन आगामी हनुमान जयंती पर स्ट्रीम किया जाएगा। यह सीरीज भगवान हनुमान के जीवन पर आधारित है, जिसमें भगवान राम, लक्ष्मण, देवी सीता और अन्य लोगों के जीवन को भी दर्शाया गया है। इसके पहले पांच सीजन को दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया गया है। 'द लीजेंड्स ऑफ हनुमान'का छठा सीजन 11 अप्रैल से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होना शुरू होगा। इस दिन हनुमान जयंती का पर्व भी पड़ रहा है, जो इसके रिलीज में आध्यात्मिकता को जोड़ेगा। निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर सीरीज का ट्रेलर शेयर किया और लिखा, 'इसमें भक्ति की शक्ति है, उसके लिए पर्वत भी हल्का है! ट्रेलर में बजरंगबली अपने संकटमोचन अवतार



# दिलजीत दोसांझ को मिला बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड

**मुंबई।** फिल्म क्रिटिक्स गिल्ड ने क्रिटिक्स च्वाइस अवॉर्ड्स 2025 के विनर्स का नाम अनाउंस कर दिया है। फीचर फिल्म सेगमेंट में, 'ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट'ने बेस्ट फीचर फिल्म का अवॉर्ड जीता है। वहीं , दिलजीत दोसांझ ने 'अमर सिंह चमकीला'में अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए बेस्ट एक्टर का खिताब अपने नाम किया है।

***बेस्ट एक्ट्रेस :*** बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड दर्शना राजेंद्रन को मिला है। उन्हें ये अवॉर्ड फिल्म 'पैराडाइज'में उनके शानदार परफॉर्मेंस की वजह से मिला है। 'लापता लेडीज'में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए रवि किशन बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड मिला है। वहीं कनी कुसरुति को 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स'में उनकी भूमिका के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला है।

***वेब सीरीज :*** वेब सीरीज की कैटेगरी में 'पोचर'को बेस्ट वेब सीरीज का अवॉर्ड मिला है। निमिशा सजयान को 'पोचर'और बरुन सोबती को 'रात जवान है'के लिए बेस्ट एक्टर के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।



***शार्ट फिल्म :*** लघु फिल्मों में, ओबुर ने श्रेणी में अपना दबदबा बनाया, जिसने कई अन्य पुरस्कारों के साथ सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म का पुरस्कार जीता। हरीश खन्ना को जल तू जलाल तू के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार दिया गया, जबकि ज्योति डोगरा को ताक (ट्रैकर) में उनके अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला, जिससे इस क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रतिभा उजागर हुई।

# *200 से ज्यादा फिल्मों में हंसाया, टीवी पर भी किया राज, 'शम्मी' के नाम से पॉपुलर है ये एक्ट्रेस ...*

*__नई दिल्ली।__ हिंदी सिनेमा में कई खूबसूरत एक्ट्रेस ऐसी भी रही हैं, जिन्हें फिल्मों में साइड रोल तक ही सीमित होना पड़ा। आज भी कई एक्ट्रेस हैं, जो बनने तो आई थीं लीड एक्ट्रेस लेकिन फिल्मों में मजबूरन सपोर्टिंग कर रही हैं। यह चलन सिनेमा की शुरुआत से ही है। बात करेंगे गुजरे जमाने की खूबसूरत एक्ट्रेस नरगिस रबारी की जिन्हें 'शम्मी' के नाम से भी जाना जाता है। नगरिस को आपने कई फिल्मों में तरह-तरह के रोल में देखा है। नरगिस रबारी भले ही आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन फिल्मों में उनके किरदार आज भी सिनेलवर्स के दिलों में*



*जिंदा हैं। 24 अप्रैल 1929 में पैदा हुईं नरगिस का निधन 6 मार्च 2018 में 88 साल की उम्र में हुआ था।*

### *सिनेमा से टीवी तक दर्शकों को खूब हंसाया*

*कॅरियर के शुरुआती दौर में वह अपने कॉमिक अंदाज के लिए मशहूर थीं। 1950 के दशक में वह ज्यादातर फिल्मों में अपनी कॉमेडी के लिए जानी जाती थीं। नरगिस ने साल 1949 में फिल्म उस्ताद पेड्रो से अपने अभिनय की शुरुआत की थी. नरगिस ने दिल अपना और प्रीत पराई, हाफ टिकट, द ट्रेन, कुदरत और हम साथ-साथ है में अपने रोल से दर्शकों का खूब दिल जीता था। सिनेमा के साथ-साथ नरगिस ने कई टीवी शो में भी काम किया था, जिसमें कॉमेडी शो देख भाई देख, जबान संभाल और श्रीमान श्रीमती शामिल हैं।*

### *अभिनय में नजर आती थी वास्तविकता*

*नरगिस ने अपनी कॉमेडी से कई पीढ़ियों को हंसाया है और हर रोल में उनके अभिनय में एक वास्तविकता नजर आती थी। नरगिस ने अपने छह दशक के हिंदी फिल्म कॅरियर में 200 से ज्यादा फिल्मों में काम किया था। शम्मी ने फिल्म प्रोड्यूसर और डायरेक्टर सुल्तान अहमद से शादी रचाई थी और शादी के सात साल बाद भी उनका तलाक हो गया था। सुल्तान अहमद ने जय विक्रांता, रियासत, दाता, धर्म कांटा, गंगा की सौगंध, हीरा और प्यारा का रिश्ता जैसी फिल्में डायरेक्ट की थी।*

## 1955 में आई 'देवदास' में चुन्नी बाबू का किरदार निभाकर पाई पॉपुलैरिटी

# बॉलीवुड के पहले नेचुरल एक्टर, रईसी के थे खूब चर्चे, लोग कहते थे ट्रेजेडी किंग

### नेवी छोड़ कर सिनेमा में हुए थे भर्ती

मोतीलाल का जन्म 4 दिसंबर 1910 को शिमला में एक एजुकेशनिस्ट के घर हुआ। हालांकि, वह एक साल के थे तभी उनके पिता की मौत हो गई। मोतीलाल को उनके चाचा ने पाल-पोसकर बड़ा किया, जो दिल्ली में मशहूर सर्जन थे। शुरुआती पढ़ाई शिमला में करने के बाद उन्होंने दिल्ली से स्कूल और कॉलेज की पढ़ाई की। पढ़ाई पूरी करने के बाद वह बॉम्बे आ गए। यहां वो आए तो नेवी जॉइन करने के लिए थे, लेकिन ऐन वक्त पर इतना बीमार पड़ गए और टेस्ट में शामिल नहीं हो पाए। एक दिन वो बॉम्बे के सागर स्टूडियो में शूट देखने पहुंचे। फिल्म के डायरेक्टर केपी घोष थे, जो कि सागर प्रोडक्शन कंपनी के मालिक थे। केपी की नजर जब मोतीलाल पर पड़ी तो उनकी पर्सनालिटी से वे इम्प्रेस हो गए। उन्होंने तुरंत उन्हें फिल्म ऑफर कर दी। तब उनकी उम्र 24 साल थी। उन्होंने फिल्म 'शहर का जादू' से सिनेमा में डेब्यू किया।

### अछूत व्यक्ति का किरदार निभाकर किया चकित

एक्टिंग के बारे में तब वह कुछ नहीं जानते थे , लेकिन फिल्म रिलीज हुई तब उनकी एक्टिंग को खूब पसंद किया गया। फिर उन्हें कई फिल्मों के ऑफर मिले।1934 में उनकी अगली फिल्म वतन परस्त आई। इसके बाद सिल्वर किंग, डॉक्टर मधुरिका, दो घड़ी की मौज, लग्न बंधन, जीवन लता, दो दीवाने, दिलावर, कोकिला, कुलवधू, जागीरदार जैसी कई फिल्मों में दिखाई दिए। 1940 में आई फिल्म 'अछूत' में मोतीलाल ने एक अछूत व्यक्ति का किरदार निभाकर सबको चकित कर दिया। महात्मा गांधी और वल्लभभाई पटेल ने भी उनकी एक्टिंग की तारीफ की। इस फिल्म के बाद मोतीलाल का नाम फिल्म इंडस्ट्री के बड़े एक्टर्स की लिस्ट में शामिल हो गए।



*__नई दिल्ली।__ बीते जमाने के बेहतरीन एक्टर मोतीलाल ने करीब तीन दशक तक हिंदी फिल्मों में काम किया। इस दौरान उन्होंने करीब 60 फिल्में कीं। 1955 में आई फिल्म 'देवदास' में उन्होंने चुन्नी बाबू का किरदार निभाकर पॉपुलैरिटी पाई। बेहतरीन एक्टिंग के कारण उन्हें हिंदी फिल्मों का पहला नेचुरल एक्टर कहा गया। मोतीलाल नेवी में भर्ती होने के लिए बॉम्बे आए थे, किस्मत ने उन्हें सिनेमा एक्टर बना दिया। 1940 में आई फिल्म 'अछूत' में उन्होंने अछूत व्यक्ति के किरदार को पर्दे पर जीवंत कर दिया। महात्मा गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल ने भी उनकी तारीफ की। वह अपनी स्टाइल और निजी जिंदगी की वजह से ही चर्चा में रहे। रईस खानदान से ताल्लुक रखने वाले मोतीलाल अपने अंतिम समय में पाई-पाई के लिए मोहताज हो गए थे। उस दौर में एक्ट्रेस शोभना समर्थ के साथ उनकी लव स्टोरी खूब चर्चा में रही।*

**इन एक्ट्रेसेज से था अफेयर :** मोतीलाल से उस दौर की एक्ट्रेसेस काफी इम्प्रेस रहती थीं। उस दौर में दो एक्ट्रेसेस से उनका नाम जुड़ा। वो थीं शोभना समर्थ और नादिरा। नादिरा के साथ मोतीलाल कुछ समय तक रहे, लेकिन जल्द ही दोनों का ब्रेकअप हो गया। बाद मोतीलाल शोभना समर्थ के करीब आए। दोनों की मुलाकात फिल्मों में काम करने के दौरान हुई। शोभना उस जमाने की दिग्गज अभिनेत्री थीं। जब मोतीलाल से वह मिली तो पहले से वह शादीशुदा और चार बच्चों की मां थीं। शोभना की शादी कुमारसेन समर्थ से हुई थी, जिनसे उनके रिश्ते ठीक नहीं थे। शोभना समर्थ तनुजा की मां और काजोल की नानी थीं। शोभना मोतीलाल को दोस्त मानती थी, लेकिन वह उनसे एकतरफा प्यार करते थे। बाद में शोभना की शादी टूट गई। मोतीलाल ने उन्हें प्रपोज किया। उन्होंने मोतीलाल से शादी नहीं की, लेकिन उनकी नजदीकियां हमेशा चर्चा में रहीं।

**तंगहाली में गुजरा अंतिम समय :** मोतीलाल को शराब और जुए की लत थी। शराब पीने की वजह से 1960 के आसपास मोतीलाल की तबीयत खराब रहने लगी, जिसके चलते उन्होंने फिल्मों में काम करना कम कर दिया। उन्हें तीन हार्टअटैक आ चुके थे। बाद में वह एक्टिंग छोड़कर स्क्रिप्ट राइटिंग, डायरेक्शन और प्रोडक्शन का काम करने लगे। उन्होंने फिल्म 'छोटी छोटी बातें' लिखीं, प्रोड्यूस और डायरेक्ट की। हालांकि, रिलीज से पहले ही वो चल बसे। इस फिल्म के लिए उन्हें मरणोपरांत दो नेशनल अवॉर्ड दिया गया।

### हिंदी सिनेमा का पहला नेचुरल एक्टर

मोतीलाल अपने किरदार को इतने नेचुरल तरीके से पर्दे पर निभाते थे कि वो एक्टिंग लगती ही नहीं थी। उन्हें हिंदी फिल्मों का पहला नेचुरल एक्टर कहा गया। 1955 में आई दिलीप कुमार स्टारर 'देवदास' से मोतीलाल का सितारा बुलंदियों पर पहुंच गया। इस फिल्म में उन्होंने चुन्नी बाबू का रोल निभाया था, जिसके लिए उन्हें बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला।

### लाइफस्टाइल थी चर्चा का विषय

मोतीलाल ने रईस खानदान से थे, इसलिए उन्हें पैसों की कोई कमी नहीं थी।उनकी लाइफस्टाइल उस दौर में चर्चा का विषय थी। वह अपने बिंदास अंदाज के लिए इंडस्ट्री में मशहूर थे। हमेशा सूट-बूट में रहने वाले मोतीलाल को हैट पहनने का भी बहुत शौक था। मोतीलाल को तेज रफ्तार में कार चलाने और प्लेन उड़ाने का भी शौक था। उन्होंने लाइसेंस भी लिया था। हॉर्स राइडिंग और क्रिकेट खेलने का भी उन्हें बहुत शौक था। शूटिंग के दौरान भी ब्रेक मिलने पर वो को-स्टार्स के साथ क्रिकेट खेलते थे।

27 JANJ-JANJ PG-04_Layout 1 3/27/2025 9:36 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 30 को

**अकलतरा।** भवानी जन सेवा समिति के तत्वाधान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 30 मार्च को सुबह 10 बजे से नगर के लिखमानिया धर्मशाला में किया जा रहा है। भवानी जन सेवा समिति के सदस्य प्रकाश केडिया एवं शिवरीनारायण के समाजसेवी पवन सुल्तानिया ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में सुनाई देने में परेशानी की जांच बोलने में परेशानी की जांच बच्चों को होने वाली समस्याएं जैसे ऑटिज्म,एडी.एच.डी., ध्यान केंद्रित करने में परेशानी सेरेब्रल पाल्सी , समय से बच्चों का बढ़ना, उठना, बैठना, चलना ना सीखना, वयस्कों की जोड़ों, मांसपेशियों में समस्या, दर्द, कमजोरी, आदि का फिजियोथेरेपी परामर्श एवं दांत संबंधी परेशानियों की निशुल्क जाँच एवं परामर्श डॉ. चिरन्जीव शर्मा ईएनटी विशेषज्ञ,डॉ. गुंजन अग्रवाल स्पीच थैरेपिस्ट और ऑडियोलॉजिस्ट , डॉ. दीपिका गोस्वामी फिजियोथैरेपिस्ट व चाइल्ड डेवलपमेंट साइकोलॉजिस्ट, डॉ. पूनम पाण्डेय ऑटिज्म विशेषज्ञ एवं फिजियोथैरेपिस्ट,डॉ. आराधना डेंटिस्ट के द्वारा किया जाएगा। शिविर में निम्न आय वाले कम सुनने वाले मरीजों को श्रवण यंत्र निःशुल्क प्रदान किया जावेगा। शिविर में भाग लेने के लिए अग्रिम पंजीयन कराए जाने की अनिवार्यता रखी गई है। पंजीयन नगर के पवन मेडिकल स्टोर एवं श्री गणेश टायर्स श्याम मनोहर मंदिर के बाजू में कराया जा सकता है।

### नवोदय विद्यालय चिस्दा में विवेकानंद का हुआ चयन

**बिर्रा।** जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा द्वारा आयोजित चयन परीक्षा का परिणाम जारी किया गया



जिसमें बम्हनीडीह विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बसंतपुर में पदस्थ शिक्षक कृष्ण कुमार पटेल के पुत्र विवेकानंद पटेल का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। विवेकानंद का नवोदय विद्यालय में चयन होने पर मनबोध पटेल, लक्ष्मीकांत चंद्रा, महेश्वर डडसेना, प्रधान पाठक दामोदर प्रसाद देवांगन ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### एटीएम की सुविधा मिलने से राशि निकालने नहीं पड़ेगा भटकना

**मुलमुला।** ग्राममुलमुला के त्रिमूर्ति चौक में 26 मार्च को इंडिया वन एटीएम का शुभारंभ हुआ। एटीएम की




सुविधा मिलने से लोगों को अब रुपए निकालने इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा। खासकर छोटे मजदूर व छोटे किसानों को अपनी रकम निकालने के लिए दूर-दूर बैंकों में जाकर लंबी कतारो में खड़ा होना पड़ता था। वहीं घंटों लाइन में लगने के चलते कई जरुरी काम वे समय पर नहीं कर पाते थे। एटीएम की सुविधा मिलने से क्षेत्र वासियों में खुशी की लहर है।

### नवोदय विद्यालय चिस्दा में किसलय का हुआ चयन

**हसौद।** जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा द्वारा आयोजित चयन परीक्षा का परिणाम जारी किया गया



जिसमें किसलय साहू का जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा में चयन हुआ है। वे विकासखंड जैजैपुर के अंतर्गत जनपद प्राथमिक शाला देवरीमठ के प्रधान पाठक गोरेलाल साहू एवं श्रीमती हेमकुमारी साहू पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत पेण्ड्री के पुत्र है। किसलय वर्तमान में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल हसौद के कक्षा पांचवी में अध्यनरत है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय परिजनों को दिया है। किसलय के नवोदय विद्यालय में चयन होने पर मयाराम साहू, नेतराम साहू, कुंदन साहू, नेत्र नंदन साहू ,गंगाराम ,देव कुमार ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### लोहर्सी में सड़क पर बैठे मवेशी रोज हो रहे हादसे का शिकार

**लोहर्सी-गोधना।** ग्राम लोहर्सी में वाहनों की चपेट में



आकर सड़क पर बैठे आवारा मवेशी हादसे का शिकार हो रहे हैं और उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो जा रही है, वहीं कई मवेशी घायल हो जाते है। वहीं इन मवेशियों के सड़क के बीचों-बीच बैठने से उनसे दो पहिया वाहन चालक भी टकराकर गिर जा रहे हैं जिससे मवेशी के साथ ही लोगों को भी चोंटे आ रही हैं। इधर पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा भी आवारा पशुओं को नियंत्रित करने कोई कारगर व्यवस्था नहीं किया गया है। ग्राम लोहर्सी बिलासपुर मुख्य मार्ग से जुड़ा हुआ है इसलिए गांव से तेज रफ्तार में बस, ट्रक, माजदा ,कैप्सूल, हाईवा सहित अन्य गाड़ियों का आवागमन प्रतिदिन होते रहता है।

## निधन

### धर्मेन्द्र तिवारी

**कोसला।** ग्राम बारगांव के प्रतिष्ठित नागरिक धर्मेन्द्र



तिवारी का निधन बुधवार 19 मार्च को हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में परिजन एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

---

व्यापारिक पदाधिकारियों ने पालिकाध्यक्ष के साथ बैठक कर समस्याओं से कराया अवगत

# बदलते दौर में नगर विकास के लिए स्मार्ट बाजार समुचित पार्किंग एवं मुलभूत सुविधाएं जरुरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



बैठक में पालिकाध्यक्ष से चर्चा करते चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारी।

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों ने पालिका अध्यक्ष के साथ बैठकर नगर में व्याप्त विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए नगर विकास के संबंध में चर्चा की। उन्होंने पालिका अध्यक्ष को बताया कि बदलते दौर में नगर विकास के लिए स्मार्ट बाजार, समुचित पार्किंग, व्यापारिक स्थलों पर शौचालय एवं सुलभ आवागमन जरुरी है।

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारी के द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती दीप्ति रोहित सारथी के साथ बैठक आयोजित कर नगर विकास के संबंध में विचार विमर्श करते हुए नगर में व्याप्त विभिन्न समस्याओं के बारे अवगत कराते हुए उनके निराकरण की मांग की गई। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री अकलतराई कई के अध्यक्ष विजय केडिया ने नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति रोहित सारथी को बताया कि बदलते दौर में नगर के व्यापारियों की चाहत है कि नगर में स्मार्ट बाजार हो, समुचित पार्किंग हो, व्यापारिक स्थलों पर शौचालय हो, सुलभ आवागमन हों। नगर में सड़कें पर्याप्त चौड़ी तो हैं पर अव्यवस्थित व नियंत्रण विहीन होने से हमारा नगर जिले के अन्य केंद्रों से नित पिछड़ता जा रहा है। साथ ही बड़े व्यापारी नगर में निवेश करने से कतरा रहे हैं। नगर विकास में व्यापार,व्यवसाय, एवं उद्योग के लिए सिस्टम में सरलता एवं खुलापन की आवश्यकता है। व्यापारी इसी नगर के नागरिक हैं और अपने परिश्रम और प्रतिभा से नगर विकास में अपना योगदान देते हैं बदले में हम सभी को केवल कुछ मूलभूत सुविधाओं की अभिलाषा है। इस दौरान व्यापारियों द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों में व्याप्त गंदगी एवं नाली की सफाई, पेयजल एवं सड़कों की व्यवस्था सहित नगर के विभिन्न तालाबों में होने वाले क्रिया कर्म के दौरान घाटों की सुविधा एवं अन्य व्यवस्थाओं की मांग के संबंध में अवगत कराया गया। नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा व्यापारियों की मांग व सुझाव पर समुचित पहल करने का आश्वासन देते हुए नगर के विकास के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध होने की बात कही गई। बैठक में सुशील जैन ,नरेश हरगुनानी, पंकज दोषी ,कैलाश ताम्रकार ,गोपेश तुलस्यान,मनोज गोयल, अमित सब्बरवाल, नवनीत गुप्ता, मुकेश नागदेव एवं व्यापारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

---

# जैव विविधता के लाभ एवं उसे संरक्षित करने बताए गए उपाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जैजैपुर




कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।

- **शासकीय महाविद्यालय जैजैपुर में हुआ एक दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी**

नवीन जिला सक्ती के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय जैजैपुर में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन वनस्पति शास्त्र विभाग तथा आई क्यू ए सी एवं उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किया गया। संगोष्ठी का विषय छत्तीसगढ़ में जैव विविधताः भूत, वर्तमान एवं भविष्य था।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ. के.एन. एस. बनाफर, मुख्य वक्ता डॉ. वीणा पाणी दुबे एवं प्राचार्य यू.एस. बंजारे द्वारा किया गया। वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्ष एवं संयोजक अर्जुन सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए शोध संगोष्ठी विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। डॉ. के.एन. एस. बनाफर ने जैव विविधता में पाये जाने वाले विभिन्न प्रजातियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया एवं जैव विविधत्ता को संरक्षित करने का उपाय तथा उसके लाभ के बारे में सारगर्भित जानकारी प्रदान किया। प्रोफेसर वीणा पाणी दुबे द्वारा जैव विविधता के विभिन्न आयामों के बारे में एवं उनके संरक्षण तथा आंकड़ों के अनुरूप जानकारी प्रदान किया गया। जैव विविधत्ता के वर्तमान परिदृश्य में होने वाले परिवर्तन को विस्तार से चर्चा करते हुए जैव विविधता के संदर्भ में विभिन्न प्रजातियों के आवासीय क्षति तथा पर्यावरण एवं मानवजाति पर प्रभाव को बताया। ऑनलाइन वक्ता के रूप में डॉक्टर प्रकाश चन्द्र पटेल सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष सस्क वनस्पति शास्त्र शासकीय एस के महाविद्यालय मऊगंज, रीवा मध्यप्रदेश से जुड़े थे। उन्होंने जैवविविधता के संरक्षण एवं संवर्धन तथा महत्व को बताया। द्वितीय वक्ता के रूप में बिपुल भुज मांझी सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय कलिंगा जी. उदयगिरी, कंधामल ओड़िसा से जुड़े थे। उन्होंने छत्तीसगढ़ में जैवविविधता सुरक्षा एवं सतत विकास विषय पर विस्तार से जानकारी दी। यह कार्यक्रम हाइब्रिड मोड में भी आयोजित था, जिसमें देश के विभिन्न भागों से लगभग 70 से 80 विद्वान जुड़े थे। प्राचार्य यू.एस. बंजारे ने जैव विविधता के संदर्भ में मानव जाति की भूमिका एवं ब्रम्हाण्ड में मानव जाति का अस्तित्व तथा पर्यावरण कारकों पर मानवीय दखल के बारे में विशेष जानकारी प्रदान किया। एन.पी. कुर्रे सहायक प्राध्यापक द्वारा आधुनिक विज्ञान का प्रयोग कर जैव विविधता के संरक्षण के लिए बच्चों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत बनाफर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक, संजय कुमार सतनामी, श्रीमती प्रमिती सिंह, डॉ सचिन कुमार, सुश्री चंद्रप्रभा वारे एवं समस्त महाविद्यालयीन स्टाफ तथा छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

---

## पीएम के कार्यक्रम में शामिल होने तैयार की गई रुपरेखा




**सक्ती।** भारतीय जनता पार्टी मंडल सक्ती की बैठक 25 मार्च को भाजपा जिला कार्यालय सक्ती में हुई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बिलासपुर आगमन की तैयारी को लेकर चर्चा हुई। वहीं आवश्यक तैयारी व ब्यवस्था के संबंध में कार्ययोजना तैयार कर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कार्यकर्ताओं से मार्गदर्शन दिया गाया। इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि प्रधामनंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन 30 मार्च को बिलासपुर में हो रहा है। इस कार्यक्रम में जाने सभी कार्यकर्ता अपने बूथ स्तर पर तैयारी करें। मंच में वरिष्ठ भाजपा नेता रामावतार अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष अनूप अग्रवाल,संजय रामचंद्र, राम नरेश यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रेम पटेल , नगर पालिका उपाध्यक्ष भरत यादव, ऋषि गोयल, धनंजय नामदेव, गोविंद देवांगन, दीपक गुप्ता, अभिषेक शर्मा, सांसद प्रतिनिधि रंजन सिंह विराजमान थे। इस बीच नवनिर्वाचित पार्षद एवं पंच का फूल माला एवं गच्छा से सम्मानित किया कार्यक्रम में उपस्थित बुथ अध्यक्ष, पाषर्दगढ़, कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित रहे।

---

## नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।

ग्राम पंचायत अकलतरी के जय ठाकुर देव चबूतरा में ब्रम्हा कुमारी विश्वविद्यालय के द्वारा क्षेत्र की नव निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों का सम्मान किया गया।

इस दौरान नशा मुक्ति अभियान चलाकर क्षेत्र वासियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप मैं

**खास बात**

- **अकलतरी में ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा महिला सम्मान समारोह का किया गया आयोजन**

उपस्थित बीके मंजू ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ सशक्त महिलाओं के द्वारा ही चलाये जाने वाला दिव्य आध्यात्मिक एवं शैक्षणिक संस्थान है जहां पर महिलाएं नैतिक मूल्यों के आधार पर स्वयं सशक्त बनकर समाज को सशक्त बनाने का कार्य करती हैं। महिला का अर्थ है मही अर्थात धरती और ला अर्थात नियम इस धरती पर नियम को बनाने वाली महिला ही है। अतः संसार का परिवर्तन करने में नारी अपनी एक सशक्त भूमिका निभाती है 1 जिस घर में जिस समाज में नारी का सम्मान होता है वहां ही स्वर्ग धरती पर उतर आता है अतः नारी का सम्मान करें और नारी भी अपनी शक्ति को पहचान कर सशक्त भूमिका निभाये, नारी चाहे तो इस संसार को बदल सकती है। प्रशासन के समाज कल्याण विभाग द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत लोगों को नशा मुक्त होने के लिए प्रेरित किया गया साथ ही नशा से होने वाले नुकसानों से अवगत कराया और ग्राम वासियों को संकल्प कराया कि हम नशा मुक्त होकर समाज को बदलने में अहम भूमिका निभाएं। कार्यक्रम मेंनव निर्वाचित महिला सदस्यों का सम्मान समारोह किया गया जिसमें मुख्य रूप से जनपद सदस्य अकलतरी श्रीमती पंकजा सिंह, सरपंच ग्राम पंचायत अकलतरी श्रीमती समे बाई धमदे, उप सरपंच ग्राम पंचायत अकलतरी श्रीमती वृंदाबाई साहू एवं पंच अर्चना साहू, सुनीता कश्यप, रामेश्वरी साहू, कौशल्या साहू, मदन कश्यप,जगेश्वर जायसवाल का शाल श्रीफल एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन बलौदा क्षेत्र कृषि विस्तारक अधिकारी सुरेश साहू ने किया। अंत में सभी को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम मे बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

---

## नपं अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने किया पदभार ग्रहण

**राहौद।** नगर पंचायत राहौद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रतिभा शैल देवी कश्यप व उपाध्यक्ष गयाराम चंदेल ने मंगलवार को नपं पंचायत कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। पं.संदीप शर्मा ने विधि -विधान से पूजा -अर्चना व मंत्रोच्चारण कर अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को उनके कक्ष में प्रवेश कराया। अध्यक्ष प्रतिभा शैल देवी कश्यप ने सर्वप्रथम कक्ष में हनुमान जी व छत्तीसगढ़ महतारी,भारत माता की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित की तत्पश्चात पदभार ग्रहण कुर्सी पर आसीन हुई। वहीं उपाध्यक्ष गयाराम चंदेल ने भी पूजा- अर्चना कर अपने कक्ष में पदभार ग्रहण किया। इस दौरान नगर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को फूल- माला पहनाकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पूर्व नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि धीरेंद्र नाथ योगी, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष सूरज शंकर लदेर, आईटी सेल ऋषभ नाथ योगी, पार्षद अमित अनंत, अवंतिका गुप्ता,इंदू मनहर, योगेश देवांगन, राजेश यादव, विमल मनहर, गोकुल देवांगन, प्रभात कश्यप, प्रवेश अग्रवाल, श्रवण अग्रवाल, सुनील गुप्ता, रामप्रसाद यादव शुशांक शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।



---

## समाज को आगे बढ़ाने के लिए एकता व भाईचारा जरुरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

- **शोभायात्रा निकालकर साहू समाज ने दिया सामाजिक जागरूकता का संदेश**



पूजा अर्चना करते साहू समाज के लोग।

सक्ती नगर में साहू समाज के लोगों ने 25 मार्च को माता कर्मा की जयंती श्रद्धा भाव से मनाई। इस मौके पर नगर स्थित सामुदायिक भवन में साहू समाज ने संत माता कर्मा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना किया। इस जयंती कार्यक्रम में साहू समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। समाज प्रमुखों सहित प्रबुद्धजनों ने समाज की बेहतरी के लिए चिंतन- मनन किया। साहू समाज के अध्यक्ष चेतन साहू ने संबोधित करते हुएकहा कि सामाजिक जागरूकता के लिए इस तरह के आयोजन बहुत जरूरी है। उन्होंने संत माता कर्मा को नमन करते हुए उनके कार्यों से सीख लेने की बात कही। कमल किशोर साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में जनसंख्या के लिहाज से बहुलता के बावजूद सक्ति जिले मेंसाहू समाज की गिनती पिछडे समाज के रूप में होती है जो कि चिंतनीय है। इस मौके पर उन्होंने सामाजिक एकजुटता की आवश्यकता पर जोर दिया। बैजनाथ साहू ने संत माता कर्मा से जुड़ी बातें अपने संबोधन में बताईं। इस दौरान साहू समाज की महिलाओं ने भी इस आयोजन में बढ़ चढ़ सहभागिता निभाई। इस संबंध में राम अवतार साहू ने बताया कि साहू समाज अब संगठित हो रहा है। एकता व भाईचारे की भावना समाज में बलवती होती नजर आ रही है जो कि समाज विकास के लिए अच्छी संकेत है। इसके पूर्व साहू समाज ने सक्ती नगर में भव्य शोभायात्रा निकालकर सामाजिक जागरूकता का संदेश नगरवासियों को दिया। इस अवसर पर समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

---

## बताई गई जैविक खाद व कीटनाशक तैयार करने की विधि



प्रशिक्षण में उपस्थित प्रशिक्षक एवं किसान।

**डोंगाकोहरौद।** श्री कामधेनु गौशाला डोंगाकोहरौद में गौ आधारित कृषि एवं पंचगब्य उत्पाद का एक दिवसीय निःशुल्क कार्य शाला सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रशिक्षक एस. आर.कौशिक एवं कोरबा से एस. के.यादव महानदी गौशाला से आये प्रशिक्षण के दौरान गौ पालकों एवं किसानों को गौ आधारित कृषि उत्पाद पंचगब्य जैविक खाद व कीटनाशक दवा तैयार करने की पूरी विधि समझाई है।

गौमूत्र व गोबर से तैयार खाद को 'जीवा अमृत' व 'घना जीवा अमृत' नाम दिया गया है। जबकि कीटनाशक दवा को 'नीमास्त्र' नाम से किसान खुद तैयार करने प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे चांदी पहाड़ से आये रामचरण दास महाराज ने बताया कि जैविक खाद से तैयार फसल किसानों को डेढ़ गुना लाभ मिलेगा। साथ ही जमीन की उर्वरा शक्ति भी बढ़ेगी। जीवा अमृत जैविक खाद तैयार करने के लिए 180 लीटर पानी, गाय का 20 किलो ताजा गोबर, पांच लीटर गौमूत्र, एक किलो गुड, एक किलो बेसन, 5 किलो बरगद के पेड के पास की मिट्टी की आवश्यकता होती है। पानी को ड्रम में डालें उसके बाद गोबर, बेसन, गुड व गोमूत्र डाल दें। मिश्रण को 48 घंटे तक ड्रम में रहने दे और दिन में तीन बार लकड़ी से मिश्रण को चलाते रहे। इस तरह खाद तैयार हो जाएगा। प्रशिक्षण में अध्यक्ष चूड़ामणि कश्यप, बसंत कुमार श्रीवास, होरीलाल कश्यप, साखीराम कश्यप, हजारी लाल साहू, बेदराम साहू, पोली यादव, मनिराम यादव , बद्री यादव शीतल साहू, कृपा राम पटेल, गोविंद पटेल सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

---

महिला समिति का स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह

# भवन निर्माण के लिए हर संभव मिलेगा सहयोग : नामदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथि।

थवाईत तंबोली महिला समिति चांपा द्वारा ब्राह्मण पारा स्थिति हैप्पी भवन में स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरपालिका चांपा के अध्यक्ष प्रदीप नामदेव थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता थवाईत तंबोली महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती गायत्री थवाईत ने की। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में शिवरीनारायण नगरपंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष जय थवाईत, वार्ड नं 5 के पार्षद महेन्द्र तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष थवाईत, अधिवक्ता भीमन थवाईत उपस्थित थे। थवाईत तंबोली महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती गायत्री थवाईत ने स्वागत उद्बोधन दिया। समिति का प्रतिवेदन रखते हुए श्रीमती शांति थवाईत ने समाज के लिए भवन निर्माण के लिए अतिथियों से सहयोग करने का अनुरोध किया। मुख्य अतिथि चांपा पालिकाध्यक्ष प्रदीप नामदेव ने थवाईत तंबोली महिला समिति के कार्यों की प्रशंसा करते हुए समाज के भवन निर्माण मे हर संभव सहयोग देने की बात कही। विशिष्ठ अतिथि शिवरीनारायण नगरपंचायत के अध्यक्ष राहुल थवाईत ने महिला समिति के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा चांपा की यह महिला समिति हमारे समाज का गौरव बढ़ा रही है। विशिष्ठ अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष जय थवाईत, वार्ड पार्षद महेन्द्र तिवारी ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित किया। श्रीमती गीता थवाईत, श्रीमती ऋचा थवाईत, श्रीमती नमिता थवाईत,श्रीमती कविता थवाईत, श्रीमती ममता थवाईत ने बारी बारी से सभी अतिथियों के अभिनंदन पत्र का वाचन किया। तत्पश्चात समिति द्वारा अतिथियों को अभिनंदन पत्र ,श्री फल एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। संतोष थवाईत एवं श्रीमती गायत्री थवाईत द्वारा अनंत थवाईत एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष थवाईत चाबू को श्रीफल एवं शाल भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनंतं थवाईत ने किया तथा आभार प्रदर्शन श्रीमती ममता थवाईत किया। इसके पूर्व श्रीमती सीमा थवाईत एवं सताक्षी थवाईत द्वारा समवेत स्वर मे अरपा पैरी की धार गीत प्रस्तुत किया गया। सांभवी थवाईत द्वारा अतिथियों के स्वागत मे गीत के साथ नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया।

